विमर्श | उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने छात्रों के समक्ष विचार रखे

# 'अपनी समस्या पर स्वयं काम करें'

**माई सिटी रिपोर्टर**

**देहरादून।** जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विमर्श 6.0 का आयोजन किया गया। इसमें उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. डॉ. ओंकार सिंह ने छात्रों के समक्ष शिक्षा के बिंदुओं पर विचार रखे। प्रो. ओंकार ने छात्रों से कहा कि आपकी हर समस्या का समाधान आपके पास है।

कहा कि अपनी समस्या का स्वयं समाधान करें। इसे स्वयं ही आपका मोटिवेशन बढ़ेगा। आप मोटिवेटेड रहेंगे। हमेशा अपने लिए जीवन में लक्ष्य तय करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड तकनीकी विवि की ओर से बनाई गई ई-लाइब्रेरी




संबोधित करते प्रो. ओंकार सिंह। : विवि

और ई-रिसोर्स से स्टूडेंट अपनी शैक्षिक योग्यता को बढ़ा सकते हैं।

विवि ने एक सेंट्रलाइज ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल बनाकर विवि स्तर पर एक महत्वपूर्ण इनीशिएटिव लिया है जिससे कि छात्रों को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिल सकें। इससे पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. ओंकार सिंह, संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, निदेशक डॉ. पीके चौधरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## छात्रों ने पढ़ाई, कॅरिअर से संबंधित सवाल पूछे

कार्यक्रम में छात्रों ने पढ़ाई, कॅरिअर से संबंधित प्रश्न कुलपति से पूछे। वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल की ओर से कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. ओंकार सिंह को स्मृति चिह्न, तुलसी का पौधा भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सेक्रेटरी रजत सिंघल, निदेशक डॉ. पीके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. विशांत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अपनी समस्या स्वयं हल करें, बढ़ेगा मोटिवेशन

**जागरण संवाददाता, विकासनगर:** जेबी इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलाजी में विमर्श 6.0 का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तराखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रोफेसर डा. ओंकार सिंह ने शिक्षा जगत के बिंदुओं पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डा. ओंकार सिंह, संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, निदेशक डा. पीके चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए छात्रों के हालिस्टिक डेवलपमेंट के लिए सकारात्मक माइंडसेट, सेल्फ मोटिवेशन होना कितना आवश्यक है, इस पर अपनी बात रखी। कुलपति डा. ओंकार सिंह ने कहा कि उनकी बड़ी सोच उनको बड़े आयामों का सफर करने में मदद करेगी। हर समस्या का समाधान आपके पास है, अपनी समस्या का स्वयं समाधान करें, इससे स्वयं ही आपका मोटिवेशन बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई ई-लाइब्रेरी और ई-रिसोर्स से स्टुडेंट अपनी शैक्षिक योग्यता को बढ़ा सकते हैं। विश्वविद्यालय ने एक सेंट्रलाइज ट्रेंनिंग प्लेसमेंट सेल बनाकर विवि स्तर पर एक महत्वपूर्ण इनीशिएटिव लिया है। जिससे कि छात्रों को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिल सके। इसके साथ ही प्रश्न-उत्तर सत्र में छात्रों ने अपनी पढ़ाई, करियर से संबंधित प्रश्न कुलपति से पूछे। अंत में संस्थान के वाइस चेयरमैन सिंघल ने आशा व्यक्त की कि निश्चित तौर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा, उन्हें अपने करियर को चुनने में आसानी होगी। इस दौरान चेयरमैन ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर ओंकार सिंह को स्मृति चिह्न, तुलसी का पौधा भेंट किया। कार्यक्रम में सेक्रेटरी रजत सिंघल, रजिस्ट्रार डा. विशांत कुमार सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष व उत्तराखंड तकनीक विश्वविद्यालय से जुड़े हुए छात्र छात्राएं उपस्थित थे।




जेबी इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलॉजी में विमर्श कार्यक्रम में उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. ओंकार सिंह को स्मृति चिन्ह देते संस्थान चेयरमैन ● साभार इंस्टीट्यूट



## सेंट मेरीज में धूमधाम से

# अपनी समस्या का स्वयं करें समाधान : कुलपति

■ जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यक्रम 'विमर्श' का आयोजन



सेलाकुई(एसएनबी)। जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बुधवार को विमर्श 6.0 का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति ने शिक्षा जगत के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार रखे।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने छात्रों से हॉलिस्टिक डेवलपमेंट के लिए सकारात्मक माइंडसेट, सेल्फ मोटिवेशन होना कितना आवश्यक है इस पर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बड़ी सोच युवाओं को बड़े आयामों का सफर करने में मदद करेगी। कहा कि हर समस्या का समाधान आपके पास है, लिहाजा अपनी समस्या का स्वयं समाधान करें। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय ने एक सेंट्रलाइज ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल बनाई है, जिससे कि छात्रों को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिल सके। इस दौरान संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, रजत सिंघल, डॉ. पीके चौधरी, कुलसचिव डॉ. विश्रांत कुमार आदि मौजूद थे।



जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर ओंकार सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। • हिन्दुस्तान

# छात्रों के विकास के लिए सकारात्मक सोच जरूरी

देहरादून। छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए सकारात्मक माइंडसेट और सेल्फ मोटिवेशन होना जरूरी है। ये बात तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने बुधवार को जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी में आयोजित विमर्श कार्यक्रम के दौरान कही। मौके पर वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल और निदेशक डॉ. पीके चौधरी के साथ मिलकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

# जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विमर्श, छात्रों को दी जानकारियां

पंजाब केसरी

विकासनगर, 29 नवम्बर (सुरेश) : जेबी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी शंकरपुर-सहसपुर में विमर्श 6.0 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह, संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, निदेशक डॉ पीके चौधरी आदि ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उद्घाटन किया।



*अतिथियों को सम्मानित करते संस्थान के पदाधिकारी।*

छात्रों से चर्चा कर हॉलिस्टिक डेवलपमेंट को सकारात्मक माइंडसेट, सेल्फ मोटिवेशन को आवश्यक बताया। कहा उनकी बड़ी सोच बड़े आयामों का सफर तय करने में मददगार साबित रहेगी। सुझाव दिया कि हर बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान स्वयं से करे। कहा इससे मोटिवेशन बढ़ेगा और मोटिवेटेड भी रहेंगे। कहा अपने जीवन में लक्ष्य तय करें। विश्वविद्यालय ने एक सेंट्रलाइज ट्रेंनिंग प्लेसमेंट सेल बनाकर विश्वविद्यालय स्तर पर महत्वपूर्ण इनीशिएटिव लिया है। बताया जिससे छात्रों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हो सके। साथ ही प्रश्न उत्तर कर्म में छात्रों ने अपनी पढ़ाई, कैरियर से जुडे अनेको प्रश्न कुलपति से पूछे। अंत में संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।